लिला: लेतहैं ॥ गेंदवडी श्री चंद्रावली जी के कुच ॥ मनो लीगें
२५१ द्श्री स्वामिनी जी के कुच ॥ हय वेंगी सात्वकी भक्त दे
न्यहोइ जिस्यें करि विनती करतहैं जो हम तुम्हारे हैं
॥ झुनझुना दोहाेरो सो नकनके करके आभूषनके
फोंदना है ॥ कंकन आदि इकहर झुनझुना है ॥ सो व्रज
भक्तनके हस्तकी चुटकी है आभूषन वाजत हैं ॥ औ
र खिलौनानकी तबकडी दोइ ॥ तामें एक में हाथी घो
रा ऊंट कुत्ता वाघ सिंघ हिरन रोंझ इत्यादिक महा
यानकरूप पुलिंन कनके संग प्रभु खी लाकरें तहां
मर्यादा भक्त नंदादिक अनेक गोप तें आसुरा सकती
ताविरोधी को भयानक है ॥ और जो ताके वधी कोर
सात्मक सुषरूप है ॥ एक तबकडी में ॥ सुवसैना इ
न कबूतर बतक कुही आदि पंषी है ॥ सो श्री स्वामि
नी जी के निकुंजसंबंधी है ॥ सुंदर मधुर बचन सुनि
कै कुंजमें संकेत को सूचनदा अनुसरूपकों होतहै ॥ को
मोंदी पनसों मिश्री है ॥ जबइनको सुंदर सुंदर अबन

में परतहै ॥ तब विहारको उत्कंठा होत है ॥ एक तबकडी
में जलके जीव है ॥ मगर मछली कछवा चकई चकवा बगु
ला सारस हंस पनडुबी इनके देखे तें विहार जल तथा
श्री यमुनाजी के तीर पुलिनको विहार लीला को रसउ
दै पन होत है ॥ या प्रकार खिलौनांनामो तिनमो तिनके जल
षषलीला संबंधी है ॥ पालनां झुलावनो सो विहार है
॥ पालनां के कीर्तन गावत है ॥ तथा गूढ भाव सों अति
रसा कुमारिका रस रूप जो ताको गान करत है ॥ पाछें
राजभोग को समय जो तिन प्रभु को सिंघासन पर पध
राईये ॥ तथा रसोई घर में प्रभु को सांगामाची पर पध
राइ लैजेये ॥ ताको भाव यह है ॥ सिंहासन आगे भोग आ
वै तहां प्रभु के भक्त आवत है ॥ तहां प्रभु आधीन लीला है
॥ तहां भक्त आइके भगवद्रस को अनुभव करत हैं ॥ री
तको रमन यह भाव विचारनो ॥ जहां रसोई घर में प्रभु
आपु पधारि राजभोग आरोगत है ॥ तहां भक्ताधीन ली
ला है ॥ तहां भक्तनके रसको प्रभु अनुभव करत है ॥ तहां

तिना छिपरीतरमनकों विचारनों ॥ राजभोगमें प्रथम धूप
२५२ करनो ताको भाव यह ॥ प्रसिद्ध प्रभुके आरोगतमें
काहू ठारको दुरगंध न आवै ॥ मुख्यभाव यह है ॥ श्रीस्वा
मिनीजीके मुषारविंदको सौरभ दसौं सो दिसामें फै
लत है ॥ ताकरि प्रभुको मन रमणादिक जो तामें
आतुर होत है ॥ तापीछें दीप है सो ऊपर यह भाव है
सो मिश्री परकाहूंकी दृष्टि परी होइ तो दृष्टिदोष
दीपतें निवर्त होइ ॥ सो सोरह हजार अग्निकुमारि
काके हृदयमें विरह है ॥ सो प्रभुके ऊपर न्योछावरि
करत हैं अपने मनोर्थ सिद्धि होनार्थकों तुलसी धा
रत हैं जो सो मिश्री कोई अन्यसंबंधी धुपाई होइ
बजारसों मंगाइक सो क अन्यमार्गीयको पायो होइ
॥ सो अन्यसंबंधस कछू रहि होइ ॥ तुलसी है सो पति
व्रता है ॥ अन्यसंबंध होन न देइ ॥ मुख्यभाव यह है ॥
प्रियांगसंग तुलसी मुरली चरण प्रियां श्री स्वामिनी
जीको संबंध तासों मिश्री को भयो सो भगवद्भोग्य जो

ग्य भई ॥ तातें तुलसी आवश्यक समर्पिये ॥ पीछें सं
षोदिक करें संषजलको आधिदैविक है ॥ तातें संष
जल छिरकतें अमृतमय सो मिश्री होइ अथवा सं
षकी नांही श्री स्वामिनीजीको कंठतो नीरे घासंयुक्त
है ॥ तामें जलस्वरूप श्री स्वामिनीजीको अधरामृत है
॥ ताके संबंधतें प्रभु अत्यंत प्रीति पूर्वक आरोगें
॥ याभावतें धूप दीप तुलसी संषोदिक करनो ॥ अ
थवा धूप श्री स्वामिनीजी ॥ दीप अग्निरूपा श्री चं
द्रावलीजीके हृदयको विरह न्योंछावरि ॥ तुलसी
सोरह हजार कुमारिका है तिनकों पतिभाव है ॥ ता
तें प्रबोधनीके दिन तुलसीके व्याह मिस कुमारि
काको व्याह सषी जननें कियो है ॥ याभावतें ॥ संषो
दिक श्री यमुनाजी ॥ इत्यादि विचारो जु पपतिनके
भावते हैं ॥ श्री ठाकुरजीको राजभोग धरत है ॥ सो मि
श्री को भाव उत्सव आदिमें कहे है ॥ तातें इहां
फेरि नांही कहे ॥ राजभोगमें श्री यसोदाजीके घर

लिला की सांमिग्री तथा आछनाई उपनंद हैं तिन हूं के घ
२५३ रकी सांमिग्री अरु तिलूपा श्री चंद्रावलीजी के मनो
र्थकी सांमिग्री है॥ श्री स्वांमिनी जी के मनोर्थकी सा
मग्री सार हह हजार कुमारिका श्री नंदराय जी के घ
रहें सो सगरी सेवा श्री ठाकुरजी की करत हैं॥ श्री यसो
दाजी के मनोर्थ की सांमिग्री बागा धरावत हैं अपने
मनोर्थ की सांमिग्री ~~बागा धरावत हैं~~ त्यारि करि अरो
गावत हैं॥ बागा आदि भूषन सर्व मनोर्थ करत हैं श्री
यमुनाजी सब में मिलि हैं॥ नंदालय में हू सगरी स्वा
मिनी के भाव में हैं॥ तथा वृषभांनजी आदि गोपन के
घर जो जन करन को पधारत हैं॥ तथा गुप्त प्रकार भाव
ते व्रज भक्तन के घर चोरि के मिस आरोगत हैं॥ तथा
निकुंज में श्री स्वामिनी जी श्री ठाकुरजी सदा एक रस
बिराजत हैं तहां सब ही जन राजभोग धरत हैं॥ यह अ
निर्वचनीय है तथा वन में धाक श्री यसोदाजी पठा
वति है॥ सगरी व्रज की स्वामिनी हू पठावति हैं॥ तहां

आरोगत हैं॥ इत्यादिक नाव राजभोग के हैं॥ सो र
सिक जन जे पुष्टिमार्गी यहै तिनही के अनुभव
जोग्य है॥ इहां राजभोग आवे॥ रसोई कर्त्ता वासन
मांजे॥ रसोई पोते॥ सिंगार कर्त्ता जप पर्यंठ करें दोइ
घरी के भीतर॥ इतनो समय होइ॥ तब भोग सरावे का
ल ते सास्त्र में कहे हैं॥ दोय घरी उपरांत दुसरो महू
र्त सराकाल होइ है॥ सो पुष्टि मारग में बाधक नो
ही है॥ परंतु अपने कार्य के अर्थ अवेर न करे श्री
वल्लभकुल के सव्य श्री ठाकुरजी तथा श्री वल्लभ
कुल के दर्सन में घरी अवेर लगे तो चिंता नांही॥ पर
तु लोक मन में आर्त्ति राखे॥ जो किक वैदिक के लिये
कबहू ढील न करनी॥ और उतावल हू नांही करनी
यह सर्वोपर सेवा है॥ परंतु लोक में जीव को अनेक
कार्य आइ परत है॥ तहां ढील नांही करनी वेगि करें
तो चिंता नांही प्रभु की सेवा अर्थ अवेर न होइ॥ फ
लमंडली बांधते सांमिग्री करते चिंता नांही॥ सेक

लिप्त्राः मनमें आर्त्तिकरिवेगिकरजो प्रथम आचवनकरा
२५४ इमुषवस्त्रकरिवीरी आरोगाईये ॥ पाछें चोरी उठ
इ थोइमंदिरबस्त्रदेंचरनारविंद परतु जसो समर्पिए
माला पहिराईए ॥ पंखा सिज्यापें दिवारी तांई ॥ सिंहा
सनपें विजेंदसामी तांई ॥ सिज्यानोगवीडी मालासा
री धरीए ॥ सिंहासनपर प्रभुके दोऊ दिसा तकिया धरि
ए ॥ सोभ तनके दोऊ भुजारूपहें प्रथवा श्री स्वामि
नीजी के भावतें ॥ वामभाग श्री चंद्रावली जीके भावतें
हें ॥ दछिनभाग दिसाके तकीया पर मुषवस्त्र ॥ श्रीस्वा
मिनीजीको अंचल श्री चंद्रावलीजी हस्तपें लीयें ठा
ढी हें ॥ ठाढे सरूप होइ तो वेनु श्री हस्तमें धराइ वेत्र
गाइ करसों ठाढ़ो करियें पाछें सिंहासनसों लगाइ पा
ड मांडियें ॥ तामें सिढी ती नती नो स्वामिनीके भाव
तें श्री चंद्रावलीजी गोप्य भार्या हें … न्याकरि पाछें
नडी हें ॥ बीचकी सिढी कुं मालिकावालकहें ॥ प्रभुके
निकटकी सिढी श्री यमुनाजी ॥ तीनों पंडपर गादी

रूईकी बिछाईये ॥ सो तीनोंनचके हृदयरूपगुनहे
गादी श्री स्वामिनीजी के हृदयरूप हें ॥ षंड पर चारि
खिलोनाकी लवकडी धरिये ॥ दोइ वाम ओर ॥ दोइ द
छिन ओर वाम ओर श्री स्वामिनीजी ओर कुमारि
काके भावतें ॥ दछिन ओर श्रुतिरूपा श्री चंद्रावली
जी श्री यमुनाजीके भावतें ॥ वेनुरूप श्री स्वामिनी
जी ॥ वेत्ररूप श्री चंद्रावलीजी श्री नवनित प्रिय
जीके पास वेत्र नांही हें ॥ सो ऊपर भाव कहि आए हें
निरावरन सरूपमें मर्यादाको दूरि किये ॥ पाछें षं
ड सों लगाइके पाट बिछाईये ॥ तापर रूईकी षोल
तापर श्रुपेद बस्त्र वर्षा रितुमें रंगीन वस्त्र ॥ पाटल
ललितादिक सषीको भाव हे तापर रूईकी षोलसों श्री
स्वामिनीजीको हृदयरूप हें तथा ललितादिकको हृद
यरूप हें ॥ तापर दोऊ दिस गादी हें ॥ वामभाग श्री स्वा
मिनीजीकी ॥ दछिनभाग श्री ठाकुरजीके बैठिवेकी
श्री स्वामिनीजी बेठे ॥ तागादीमें श्री ठाकुरजीके

निमा॰ हृदयकौ भाव जागादी पर श्री ठाकुरजी वेठे तामें श्री
२५५ स्वांमिनीजी के हृदयकौ भावहै॥ ताके बीचो बिचचौ
पडिमां डिये काठकी हाथी दांतकी रूपेकी तथा सो
नेकी॥ सो नेकी श्री स्वांमिनीजी के भावतें रूपेकी श्री
चंद्रावलीजीके भावतें॥ हाथी दंतकी श्री यमुनाजी
के भावतेहे॥ काष्टकी श्री अग्निकुमारिकाके भावतेहैं
॥ याही प्रकार सतरंज॥ तथा बाधबकरीमें चारो जू
थपतिको भाव बिचारनो॥ तामें गोट सोरह है॥ ता
में चारि चारि एकएक घरमें रहे हैं॥ सो चारोके घरहै॥
सो न्यारे न्यारे कुंज हैं॥ चार चार यातें हैं॥ राजसी ता
मसी सात्वकी॥ रसउद्दीपन अर्थ एकत्रि कुंज॥ या
भाति चारो॥ जूथपतिमें रसरूप गुनादिक जो जिये
अपनौ किक चारोकें न्यारे न्यारे सो चारोके वस्त्रके॥
भाव बिचारीये॥ पोरे श्री स्वांमिनीजीके भावतेहै॥
स्यांम श्री यमुनाजीके भावतेहैं॥ लाल श्री चंद्राव
लीजीके भावतेहैं॥ हरे अग्निकुमारिकाके भावतें

एकएक घरमें चोबीस चोबीस कोठाहैं॥ सो द्वादस
~~भक्त~~ अंग भक्तके हैं॥ द्वादस अंग प्रभुके॥ तथा चोबी
स निकुंजमें रिसरसरूप सुंदर घर हैं॥ या प्रकारको
ठ छांनवेहे॥ तामें चोरासी आसन कामसास्त्रोक्त
हे॥ द्वादस महीनां करि नित्य जो जाको सूचनकर
तेहे॥ वहूतेर महीनां होतहैं॥ सो छांनवें घर
चोरा आरबीचमें घर एकसो अधिक महीनांको
भावहे॥ याप्रकार सदांजो जासमनहें अप्पवाबीच
कौघरहे॥ सो नंदालयहै॥ तहां श्री नंद यसोदाजी
श्री ठाकुरजी सहित विराजतहैं॥ तातें यो चकोघ
खडोहैं॥ चारों ओर ब्रजभक्तनके निकुंजहैं॥ इत्या
दिक भावतें चोरासी कोसके चोरासी कोठाहैं॥ सो
ब्रजवारी द्वादस वर्षताईं श्रीजी ब्रजमें रहे स्य
विचारीये॥ तातें या रस वरसतें वारहमें प्रभुमधु
रापधारे॥ तातें द्वादसवर्षके जी लरकी सरूपकी
भावनाकरें॥ तामें बालभाव पौगंड किसोर सब आइग

लिनाए ॥ गोवर्द्धनउठाए ता दिनतें किसोरश्री जी के ध्यानिवु
२५६ जनजो ताहें सातोसरूपमें नंदालयकी बालकलीला
आदि यहभावतहें ॥ चोपरके घर आनवें तहां पासा
सी नहें ॥ सो राजसी तांमसी सातुकी भावदोउकों लो
जा करतहोतहें ॥ जब प्रभु पासा घोलें ॥ तबरीतकोरम
णहें ॥ जबभक्त पासा डारे ॥ तब विपरीतकों रमनहें ॥ ता
में कबहूं भक्तकों तांमसहोइ ॥ तब प्रभु सातुकहोइ क
बहूंक प्रभुकों जो जा करतमें तांमसहोइ ॥ तब भक्तसा
तुक भावकों धारनकरें ॥ कबहूं राजसहोइ तबदोउस
रूपकों संगही होइ ॥ जाना रितुकी भाग [illegible]
आभक्तकरे ॥ जोई प्रभुकरें ॥ सोई भक्त [illegible] सात [illegible] तो
गुनसंयुक्त जो जाहोइ ॥ तातें पासा तीन [illegible] ॥ एव
क पासामें चोदहचोदह आंकहें ॥ सो चौदह विद्यासं
पूर्णहें चारोभक्तहें ॥ श्री यमुनाजी सबमें दोइपासा
में श्री ठाकुरजी श्री स्वांमिनी जी ~~श्री स्वांमिनी जी~~ जु
गलसरूपहें ॥ तीसरे पासामें सगरे व्रजकी स्वांमि

नीजी आइगई ॥ तीनो पासामें आंक वियालीस भ
ए ॥ ४२ ॥ चोराविद्या ॥ १४ ॥ अघोराविद्या ॥ १४ ॥ घोरा
घोराविद्या ॥ १४ ॥ धर्मे ६ ॥ पासाएकमें ॥ १ ॥ चतुर्थज
य प्रभु ॥ ५ ॥ जुगलसरूप २ दोउ मिलिकें एकभए
ताको यहभावहें ॥ सोरहकला श्री ठाकुरजी सोरह
कला श्री स्वांमिनीजी ॥ दस प्रकारके भक्तहें ॥ इत्या
दिकभावतें चोपडि खेलतहें ॥ तहां कबहूं प्रभुहारतहें
कबहूं भक्त हारतहें ॥ प्रभुहारें तब भक्त विपरीतर
मणकरतहें ॥ जब भक्त हारें तब प्रभुरीतकोरम
ण करतहें ॥ याप्रकार चोपडिको भाव गोप्यबहुत
हैं तातें उत्सवमें अन्यंगहोइ ॥ ता दिन आवस्य चो
पडि विधाईयें आठमें दिनसतरंजतथा वाघब
करी धरीयें चोपडि श्री स्वांमिनी जी के भावतें ॥ बाघ
बकरी सोरहहजार कुमारिकाके भावतें मनोर्थ कि
ए ॥ श्री यमुनाजी तीनो भक्तके मनोर्थकें भीतरहे
अब बाघबकरी को भाव कछू कहतहें ॥ बकरीसो

सिना: रह॥ वाघदोउ॥ तथा एक हे ताको भाव ~~पूछें कहत हें~~ प
२५७ हहे॥ कबहूं भक्त वाघसों विपरीत रमन भक्त आप
नेवस प्रभुको करत हे॥ प्रभु बकरी की नांई आज्ञा
अनुसार चलत हे॥ कबहूं श्रीठाकुरजी वाघ की ना
ई तब खेलको रमन करि भक्तन को प्रभु अपने बस
करत हैं॥ तब भक्त बकरी की नांई॥ जो जो श्रीठाकुर
जी कहत हें॥ सो सो भक्त करत हे॥ बकरी सोरह चार
चार जूथपतिके भावसें राजस तामस सात्विक नि
र्गुणरूपसों साडीचोपडिके भावमें कहि आगे॥ का
राके वाघदोयके भाव यह हें॥ एक श्रीठाकुरजीरू
प एक श्रीस्वामिनीजी को भाव हे॥ तथा श्रीचंद्रावली
जी और श्रीस्वामिनीजी दोउ वाघरूप हें॥ तथा प्रभु
बकरीरूप दोउ स्वामिनी के वस भए हें॥ ताते बांम
भाग श्रीस्वामिनीजी॥ दक्षिन भाग श्रीचंद्रावलीजी
हें॥ श्रीठाकुरजी को घेरि के बैठे हें या भावते दो
इ वाघ दोउ और धरत हें॥ एक वाघ धरे ताको

अभिप्राय यह हे॥ तहां मुख्य श्रीस्वामिनीजी को भा
व हे॥ दंपतिरस प्रभु बकरी श्रीस्वामिनीजी वाघ मां
नादिक प्रसंगसों विचारनो॥ कबहूं बकरी बीस हें॥
तहां चारो जूथपतिमें चार चार प्रकार की स्वामि
नीजी हें॥ तिनमें एक एक सखी तरंगनी हें॥ ताते पा
च पांच बकरी इकठी धरत हें घर चौसठि हें॥ ताते
चौसठि कला जो विद्या हें॥ एक एक स्वामिनी में सो
रह सोरह कलासं पूर्ण हें॥ ताते चौसठि विद्या नि
धान चतुर चौसठि कला हें तद पिलोरी यांपद
के अनुसार ते वाघ बकरी धरत हें और सतरंज
हे सो श्रीरूपा श्रीचंद्रावलीजी के भावते हें॥ त
हां परक्रिया भावतें राजसी भक्त के मनोरथ हें॥ ता
ते हाथी चार॥ घोडा चार॥ ऊंट चार रजो रहें॥ पा
ला हहें॥ पयादे सोरह॥ या प्रकार सगरे बतीस
हें॥ ३२॥ ताते भक्त के प्रभु के मिलिवे सोरह सोर
ह शृंगार॥ सो यातें जो राजसी भक्तको शृंगार बहु
त प्रिय हे॥ ताते आपहु आछो आरोगत हे॥ औ

नि जो र प्रभुको हू आछो अरो गावलहे आप हू आछो प
२५८ हिरे ॥ प्रभुको अछो पहिरावे ॥ तातें यह ससरंजनको खेल
राजानको है ॥ तातें वती सगोट है तामें हाथी चार करके
गजनवतजी जा पंच अध्याईमें कह्यो है ॥ गंधर्व पालि भि
लनद्रुत आविसह श्रांता गजो भिरिभंडारि विभिन्न
सेतु ॥ सो मस्यसं युवति भिपरि षिच्य ▪ मान ॥ प्रेमो
ल्लित प्रहसतो भिरत स्तलोभवै ॥ मानिके कुसुम वर्षभि
रो ड्य मानो रमे स्वयंस्वर ति रत्र गजेंद्र जी जा ॥ याप्रका
रको विहार तातें हाथी है ॥ चार हें सो चार प्रकारके भ
श्रु तिरूपामें है राजसी तामसी सात्विकी निर्गुण ॥ प्रथ
माचारी यूथपति श्री स्वामिनीजी के भाव ॥ घोडा
चार हें तामें यह भाव है भक्तरूप घोडा सो पर्वत वाँ
प्रकार श्री ठाकुरजी कोलै निकुंजमें जहां गुरजन गोप
कोई ॥ जाइ न सके उंट चार सो उंटकी पाँ करतसो है ॥ जा
कों पकरें ताको फेरि न छोडे ॥ तैसई श्री ठाकुरजी के अ
ग अंग चारा यूथपति श्री स्वामिनीजी ने पकरि राखे
हें ॥ अथवा उंट वहोत चलत हे ॥ तातें श्रुतिरूपा हे सो

गोपभायी हें ॥ अनेक प्रतिबंधरूप ग्रहस्त हें ॥ परंतु त
नमन धन करि सगरो श्री ठाकुरजीमें लगायो हे ॥ प
हृदयमें सर्वोपर मारीते न्यारीजी यो हे ॥ और उंट चलेव
हुत ॥ सो श्रुतिरूपा हू प्रभु संबंधके अर्थी हें ॥ दधिवेच
नके मिस वेनुनाद ॥ सुनत हो ॥ अनेक उपाय करित
सकाल श्री ठाकुरजी को आइके मिलत हे ॥ सो पंच
अध्याईमें कहे हें ॥ पति पुत्रादिक गृहकार्य छोडि वेनुना
द सुनत दौरि आई ॥ तातें उंट हें ॥ उजीर दोय हें पातसा
हके दोइ हें ॥ दोउ पातसाह सो जुगल स्वरूप श्री ठाकुरजी
श्री स्वामिनीजी हें ॥ दोउ उजीर सो दोउ सखी आज्ञा
कारि ललिता दोउ पातसाह नित्यसिद्धा श्री स्वामिनी
जी श्री यमुनाजी ॥ दोउ उजीर सो श्री चंद्रावलीजी श्री
र अरु एक कुमारिका श्री चंद्रावलीजी श्री स्वामिनीजी
सो प्रगटी हें ॥ तातें श्री स्वामिनीजी की दास्यभाव क
रत हें ॥ तातें उजीर कहे ॥ कुमारिका कात्यायनी देखि
के मिस करिके श्री यमुनाजी को रेनुको देखि मिस

निमा श्री यमुनाजी को पूजन कीयो ॥ तब श्री यमुनाजी ने
२५८ श्री ठाकुरजी को मिलाए ॥ कुमारिकान के मनोरथ सिद्धि
किए ॥ सो यमुनाष्टपदी में कहे हें श्री गुसांईजी ने ॥ कु
मारिकामपूरवे ॥ तातें श्री यमुनाजी को दासत्व कि
यो हें ॥ तातें कुमारिका को उजीर कहे हें अथवा सत
रंज पातसाह के आगें उजीर करत हें ॥ ताते पा
तसाह उजीर में भेद नांही हें ॥ एक ही हें ॥ तेसें इहां श्री
आचार्यजी नें पुष्टि मार्ग प्रगट कियो सो मुख्य श्री
स्वामिनीजी रूप हें ॥ पाछें श्री गुसांईजी प्रगट होय
इ सगरो पुष्टि मार्ग प्रगट किए ॥ सगरे पुष्टिमारग
की रीत करिकें भूमि पर विस्तार किए ॥ श्री चंद्राव
लीजी रूप तातें उजीर कहे हें ॥ तेसें ही कुमारिका स
गरी सेवा श्री ठाकुरजी की करत हें श्री स्वामिनीजी
श्री यसोदाजी के घर पधारत हें ॥ तिनहू की करत हें ॥
॥ श्री स्वामिनीजी की सेवा किये तें श्री ठाकुरजी कुमा
रिकान के ऊपर बहुत प्रसंन होइ सगरी सेवा मानि लेत

हें ॥ तातें श्रीललिता को अरु कुमारिकाको उजीर कहे
परंतु स्वामिनी हें ॥ पातसाह रूप दोउ नित्य सिद्ध ॥
प्रियादे सार हें सो अथ सषी श्री स्वामिनीजी की हें
अथ श्री ठाकुरजी की सषी हें ॥ तथा अथ सषी श्री
चंद्रावलीजी की मांनो ॥ अथवा सोरह प्रियादा हें सो
सोरह कलारूप हें ॥ सो कामकला प्रगट करत हें विहार
में सो तातें आज्ञाकारी प्रियादारूप हें ॥ सखी आदि सग
रें व्रजकी स्वामिनी को भाव प्रियादे में जाननो ॥ तातें
सगरे व्रजभक्तन के संग रमनीय हें ॥ तातें यासों नाम
सतरंज कहत हें ॥ सत कहिये सो कोसत कहिये ॥ ह
जार को सत कहीये ॥ अपार कोटान कोट स्वामिनी
तिनको मनरंजन करि प्रसंन करत हें ॥ सब सो रमन क
रे तातें सतरंज को नाव गायो हें ॥ या प्रकार चोपडि
सतरंज बाघ बकरी भावना करि खिलाईये ॥ पाछें सिं
हासन के दोऊ ओर खिलोनान की तबकडी धरीये ॥
॥ हाथी दांत के खिलोना बांई ओर ॥ काष्ठ के लाल खि

जिया जो नादछिन और॥ ताको भाव यह है॥ हाथी दांतके
२६ खिलोना श्रीस्वामिनाजी के मनोरथके हैं॥ श्री स्वामि
नीजी बनवाइ के धरत हैं॥ सो या खिलोनाके मिस गज
बत विहार जो ताके मिस भाव उदीपन करत हैं॥ और
काष्ठके खिलोना दछिन भाग॥ सो श्री चंद्रावलीजी
के मनोरथतें जाल धरत हैं॥ जाल रंग अनुसार सु
बन हैं॥ ताते जाल खिलोनाके मिस श्री चंद्रावलीजी
अपनो अनुराग श्री ठाकुरजी को निवेदन करत हैं॥
॥पाटकी आड बीचोवीच एक पाली लषी धरिये
तामें यह भाव विचारिये जो ललिताजी के मुखार
विंदको भाव है॥ दोउ जनें हाथ धोवें तबीचमें
ललीवूलदें हैं॥ या भावतें॥ पाटके ऊपर गेंद दोइ धरि
ये॥ कबहूं जडाऊ कबहूं सोनेकी कबहूं रूपेकी क
बहूं सूतकी ऊपर रेसमके फूलाबत्तूकी जाली॥ कबहूं
हाथीदांतकी॥ कबहूं काष्ठकी॥ सोनेकी गेंद सो श्री
स्वामिनीजी के कुचको भाव है॥ जडाऊ गेंद सो श्रीय

मुनाजी के कुचको भाव है॥ रूपेकी गेंद सो श्री चंद्राव
वलीजी के कुचको भाव है॥ सूतकी गेंद ऊपर फूलाब
त्तूकी जाली सो सोरह हजार कुमारिकाके कुचको भाव
है॥ कुमारिका अपने हाथसों भाव सहित रचिके बं
नायो है॥ श्री यसोदाजी को यह ज्ञान है जो मेरे॥ पुत्र
के खेलिवेके लिये गेंद बनावति हैं॥ हाथी दांतकी
गेंद ब्रजकी सगरी गोपी हैं॥ तिनके कुचको भाव है
॥ अपने कुचके अनुसार करि श्री ठाकुरजी को प
हिराव जतावत हैं॥ जो जैसे रास पंचाध्याई में गजव
ल्ली जा क्रिया तैसें ई अब फेरि करो॥ या भावतें हा
थी दांतकी गेंद है॥ काष्ठकी गेंद है सो ललितादिक
सखी सहचरी हैं तिनके भावतें हैं नानो प्रकारके रंग
की कबहूं लाल कबहूं पीरी कबहूं हरी कबहूं लहरी
याकी इत्यादिक वस्त्र पहिरे हैं॥ बचौ दोइ गेंदके पा
स लगाइ डांडी श्री ठाकुरजी के पास गादी सों लगा
इ धरत हैं॥ सो यह भावतें श्री ठाकुरजी अपने दो

लिया ऊहस्तमेंनीचेंकरि गेंदको स्पर्स करतहें ॥ अथवा दो
२६ ऊ वची व्रजभक्तनके भुजाके भावतहें कवहूं सोनें
की कवहूं जडाऊ कवहूं रूपेकी कवहूं काचकी ॥ सोनें
की श्रीस्वामिनीजी की दोऊ भुजाके ताके स्पर्स भाव
तें श्रीठाकुरजी करतहें ॥ जडाऊ वची श्रीयमुनाजी
की दोऊ भुजा रूपेकी वची श्रीचंद्रावली जीकी दो
ऊ भुजा ॥ काचकी वची कुंमारिकाकी दोऊ भुजाहे ॥ इ
त्यादिक भाव विचारियें ॥ दर्पन दिखाइ सिंहासन
पर पास धरीये ॥ दर्पन श्रीस्वामिनीजीके नखरूप
हें अथवा श्रीस्वामिनीजीको प्रतिबिंबहें ॥ तामें
श्रीठाकुरजी अपनपको देखिकें अत्यंत प्रसंन
होतहें ॥ अपनें हृदयमें श्रीस्वामिनीजी कों देखत
हें ॥ श्रीस्वामिनीजीके हृदयमें आपुनकों देखिकें
बहुत प्रफुल्लित होतहें ॥ पाछें आरती करीयें सो
व्रजभक्त अपने हृदयकी आर्त्तिताप न्योछावरि
करतहें पाछें फेरि दर्पन दिखावतहें ॥ सो यातें श्री

स्वामिनीजी अपनें हृदयमें श्रीठाकुरजी कों धरि
कें निकुंजमें पधारतहें ॥ तथा दर्पन दिखाइ अपनें
निकुंजके संकेत सूचन करतहें ॥ जो फूलनतें तोरमि
लेंगे ॥ पाछें फूलनकी माला वडी करतहें ॥ सो यातें
फूलनकी मालारूप सगरी व्रजकी स्वामिनी हें ॥ ति
नको आज्ञा प्रभु देतहें जो तुम अपने अपने कुंज
में पधारो ॥ सगरी स्वामिनी सिद्धि करो हम आवेंगें
प्रथम श्रीस्वामिनीजीके कुंजमें श्रीठाकुरजी कों
पधारनो हें ॥ तातें सगरी स्वामिनीके आगें रसा
वेस होइ ॥ तातें माला वडी करतहें ॥ पाछें सिज्यातें
सिंहासन पर्यंत पडो विछावतहें ॥ सो व्रजकी सग
री स्वामिनी प्रभु पधारें जो नि पावडे विछावतहें ॥
या प्रकार राजभोगकी आर्ती पर्यंत भावना विचा
रियें ॥ पाछें मंदिरके किवार लगाइये ॥ सो दोऊ कि
वार श्रीस्वामिनीजीके नेत्रनके पलक हें ॥ तिनके
भीतर श्रीठाकुरजी सदां विराजतहें ॥ पाछें सालामें

स्मिश्रा गलकोजे ॥ ताको श्री स्वामिनीजी के हस्तकी मुठी हे ॥
२६२ जैसे मुठि ॥ खोलेतो हस्तमें रतन आदि होइ ताको द
र्सन होई ॥ बंधी मुठी में काहूकों दर्सन न होइ ॥ तैसे
ताको खुलेतो प्रभु दरसन देइ ॥ ताको यातें श्री ठाकु
रजी कों श्री स्वामिनीजी ने अपनी मुठि करि मुठी
बांधि अपने वस करि राखे हैं ॥ जो और के वस न
होइ ॥ तातें जो श्री स्वामिनीजी को आश्रय करें ॥ ति
नकों श्री स्वामिनीजी प्रसन्न होइ अपनी मुठी खो
लि दर्सन करावे ॥ तब और को होइ ॥ ताहीतें श्री
आचार्यजी महाप्रभु स्वामिनी रूप हैं ॥ तातें श्री ठा
कुरजी इनके वस हैं ॥ तातें पुष्टिमार्गीय वैष्णव एक
ठ आश्रय श्री आचार्यजी महाप्रभून को करनो या
प्रकार ताको जगाइ मंदिर स्वोंदंडोत करि पाछे वैस
नवसों मिलि महाप्रसाद लेई ॥ काहेतें जैसे श्री वल्ल
भकुल में गुरुजो नि दास भाव राखत हैं ॥ तैसे ई वैष्ण
व में दास भाव राखे ॥ काहेतें वैष्णव में यह भाव करें

जो श्री आचार्यजी श्री गुसांईजी और श्री ठाकुरजी
सहित सबन के नो तरह ॥ तातें जैसे श्री वल्लभकुल
कूं श्री ठाकुरजी कूं जाने ॥ तैसे वैष्णव कुं जाने ॥ दास
होइ रहे ॥ दास धर्म तब सिद्ध होइ जब इनको जूंठ
न लेसो तो होइ ॥ दास होइ सो जूंठन लेइ और पुष्टिमा
र्गमें श्री वल्लभकुल और श्री ठाकुरजी इनकी जूं
ठ वैष्णव और की जूंठन लेइ तो मुख होइ जाइ ॥ औ
र जूंठनि वैष्णव की न लेइ तो दास धर्म हृदय में आ
वै नांहीं ॥ तातें श्री गोकुलनाथजी कहत हैं श्री
आचार्यजी लिखे हैं ॥ जासों सिद्धांत में प्रथम जाके
अर्थ का छिये पाछे ताही की जूंठन लई ॥ तातें प्र
भु की वस्तु में तें काहूकों देनो नांहीं ॥ तातें महाप्रसा
द की पातरि पहिलें वैष्णव की काढ़नी ॥ ता पाछें
सगरो महाप्रसाद बच्यो ॥ सो वैष्णवको जूंठो भयो
॥ तातें वैष्णव को पातरि धरि के ॥ महाप्रसाद ले
इ तो हृदय में दास्य धर्म आवे ॥ सर्व पदार्थ मिले

॥ तहां यह संदेह होइ जो वै सब पुष्टिमार्गीय मिलें तो
आछो ॥ कहूं न मिलें तो कहा करें महाप्रसाद लीये बि
नां शरीर चलै नांहीं ॥ वै सबके लिवाए बिनां महाप्रसा
द लेइ तो दासधर्म हृदय में आवै नांहीं ॥ वै सब हू मि
लैं नांहीं तो कहा करें ॥ तहां कहत हें श्री आचार्यजी
श्री सुबोधिनीजी में लिखे हें ॥ और श्री गुसांईजी टीप
नी में लिखे हें ॥ पुष्टिमार्गीय भक्त ब्रजभक्त हें ॥ तिनकों
दूसरो स्वरूप गाइ को हें ॥ तातें गाइ के जो ये पचास ति
महाप्रसाद में तें काढे ॥ तहां सगरे पुष्टिमार्गीय भ
वदीय की जूंठन भई ॥ पाछें महाप्रसाद लेइ तो वह
दोष नांहीं हें ॥ तातें गाइ को भाग काढनों हें ॥ वै सब हो
इ तो उनसों मिलिकें महाप्रसाद लेइ ॥ महाप्रसाद
में अपनें शरीरकों भोग न विचारें ॥ जामें लेकें पुष्टि
होइ ॥ यह भाव विचारें जो महाप्रसाद लियें तें भगव
द सेवा बनेंगी सो सामग्री में बिगर्यो सुधर्यो होइ सो
रसोई जरनवारी सों कहीये ॥ आगकों सुधारिकें

रसोई करे रसोई करत होइ ताके ऊपर बहुत प्रीति
राखिये ॥ या मारगमें रसोई परम फलरूप है ॥ या प्र
कार महाप्रसाद लै मुख हस्त शुद्ध करि आइ पाछें बी
री वै सबकों देइके आपु लीजे ॥ बीरी श्री ठाकुरजी
आरोगें होइ सो सेवा करनवारो लेइ ॥ जिनके मा
थे श्री ठाकुरजी विराजत होंइ तिनहीकों अधिकार
है ॥ यह तें बीरी श्री ठाकुरजी श्री स्वामिनीजी मि
लिकें आरोगत हें ॥ पाछें उगार ललितादि सखीन
कों देत हें ॥ और कों अधिकार नांहीं हें ॥ और बीरा
है सो श्री ठाकुरजी सखन कों गोपन कों बांटि देत हें
॥ ताही तें श्री गुसांईजी बीरी और कों ~~[illegible]~~ नां
हीं देत हें ॥ पाछें व्यापार अर्थ जानों होइ तो जैये ॥ आ
लस होइ तो दोइ घरी चारि घरी विश्राम करीये यह
भाव विचारिकें जो उत्थापन तें अपराध न परे ॥ यह
भाव विचारि विश्राम करे ॥ पाछें उठिकें पोथी बां
चनों ॥ आपुनकों बाधिबेकों ज्ञान न होइ तो काहू

तिनावै सबसों वचाय श्रवन करनों अपने इतनमार्गी
२ हैंच पावै सब होइ तिनहीं के मुषते श्रवन करनों ॥ जा
हते श्री आचार्यजी लिषे हैं ॥ निवेदनं तु स्मर्तव्यं
सर्वथा तादृशैर् इति ॥ तादृशी सो कहा ॥ जाकों पह
पुष्टिमार्ग की रीति भाव को ज्ञान होइ ॥ ताही के संग
स्मरन में आगरी बात जानेंगे ॥ तातें तादृशी कहे
हें ॥ पाछें उत्थापन कों समय पहर एक दिन रहे तें
वहीतें चिंता राषनी जो मलिकहूं श्री ठाकुरजी को
अवेरन होइ देह शुद्ध करि पाछें न्हाइ अपरस व
पहिरि चरणामृत ले तिलक करीयें गृहस्थ हूं शुद्ध
स्नान किएतें होइ ॥ नीतर देह आत्मा हू दोउ शुद्ध च
रणा अमृततें होइ ॥ तातें चरनामृत लेए विना भगव
द सेवा की योग्यता नांही है ॥ चरणामृत लेंसे वा जो
ग्य होत न शरीर होइ जाइ तातें चरणामृत लेंनों
॥ पाछें उत्थापन की सांमिग्री सिद्धि करीयें ॥ आंव
कों करी परवु जापना अपनी जलें रथ जात्रा तांई मी

मीदार अपनी जलें रथ जात्रा तांई जो जो दासि अष
ती जलें रथयात्रा तांई ॥ चंदन को कटोरी अषती जलें
रथयात्रा तांई ॥ ईपत पाई षकोरस प्रबोधनी तें डो
ल तांई छाक की दासि रथयात्रा तें जन्माष्टमी तांई ॥ द
ही अंगराज तें राजभोग तांई पाछें नांही ॥ सषडि
ते भोग जातें राजभोग तांई पीछें नांही ॥ उत्सव के
दिन कछो नांही तो नकुडा करीये उत्थापन समय
में फलादिक सिद्ध करि पाछें घंटा तो न वाजव
जाइ उत्थापन करि दंडोत मंदिर कों करिजो तब जै
ये ॥ सिंघासन तें सिज्या तांई पेंडो विछो होइ सो उ
ठाइ के दरसन के किवार षोलिये ॥ काहेतें पेंडो श्री
स्वांमिनी जी की उतरी को भाव है ॥ प्रभु के अर्थ निकु
ंज के मारग में बिछावत हैं ॥ तातें उठाइ के दरसन हो
जो ॥ कोई गूढ भाव को ज्ञान काहू कों
न होइ ॥ पाछें सिज्या पास की झारी बंटा माला बीडा
सिंहासन पर झारी माला सब उठाइ प्रसादी पात्र

निना में ठाढ़ाई ये वासन धोइ झारी बगारिकें पै भरनी।
२६५ झारी तीनमें आछ्भरी जाई ‖ प्रथममंगलाभोगमें मां
जिकें भरें ‖ दूसरी शृंगार होत में ‖ तीसरे शृंगारमें
चोथे राजभोगमें ‖ पांचमें राजभोग सरें ‖ छठे उ
त्थापनकी ‖ सातये सेनभोगकी ‖ आठये सेनभोगस
रे पाछें ‖ ताको अभिप्राय यह है ‖ नित्य अष्टसखी तथा
व्रजकी अनेक स्वामिनीनके मनोर्थकी सांमग्री है
श्रीस्वामिनीजी धरावत है ‖ उत्सवके दिन श्रीस्वा
मिनीजीके मनोर्थकी सांमिग्री है ‖ श्रीस्वामिनीजी
आप उपधरावत है ‖ तातें उत्सवके दिन सखीभोग
की झारी दोइ अधिक भरीये ‖ तथा दोइ न होइ तो एकतो
अधिक भरीये ‖ उत्थापनकी झारी नरिसो सखीभोग
धरिये ‖ कंदमूल फलादिक थार एकमें पपडी लोन
भुरकाइके ‖ पूरी मेंदाकी तथा चूंनकी ‖ एक कटोरी म
लाईकी ‖ कटोरा एकमें चोवाके लडुवा ‖ उत्सकाल
होइ तो अषती जैसें रुपजावातांई मिश्रीको पनो

सीतकालमें प्रबोधनीतें डोलतांई ‖ ईषकोरस तथा
ईषके गांडकी गडेली छिलिकें ‖ आंवषरबूंजा मिलें
तवही धरें ‖ कितनी वस्तको प्रमान ‖ कितनी वस्तको
प्रमान नांही है पनांभो जीदारि छोंको दार चंदन[illegible]स्या
[illegible]क सीतकारमें ईषकोरस गडेली यह प्रमानसों
श्रीचंद्रावलीजीके भावसों ‖ काहेतें श्रुतिरूपा है ‖ श्रु
तिमें प्रमाण है ‖ तातें श्री श्रीगुसांईजी भगवदसेवा
में प्रमाणसगरी वस्तु रितसमयसमयके प्रगट अ
पनो भाव जताए है ‖ और आंवषरबूजा मेवा नित्य
जहांतांई मिलें पामें प्रमान नांही है ‖ काहेतें यह
श्रीस्वामिनीजीके मनोर्थकी सांमिग्री है ‖ तातें श्री
स्वामिनीजीके भावमें है ‖ सबवामें जो जासमय मिलें
बनि आवे सो अंगीकार करवैये ‖ दंडोत करिके प्रार्थ
ना करि बाहर आइ समय भए भोग सराइ आचमन
मुषवस्त्र करि वीडा दइ छिन दस धरीये ‖ सीतकाल
होइ तो भोगके किवार षोलिकें ‖ पाछें चोष टके पी

नि॰भा॰ २६६ छै अंगीठी धरीयें उसकाल होइ तो सिरकाव कीजे
दोइ बार ॥ राजभोग सरे तब ॥ दूसरे भोग समय ॥ स
मय भये टेरा दे संझा भोग वै सबके घर नाहीं ॥ भा
वना करि भोग के किवार खुलें ॥ तब पे सिज्या
मंदिर में जाइ सिज्या वोहि फेरि कसना क
सि ऊपर चादरि उढाय मारी नरि सिलोना ऊन
इ सिंघासन आगें भी ज्यो हाथ दे संध्या भोग
में और संधानेकी कटोरी धरि प्रार्थना करि वा
हर आइये ॥ समय भये भोग सराय आचवन क
राय वस्त्र करि वीडा धरि संध्या आरती करिये
वै सबके घर संध्या आरती नाहीं ॥ पाछें [illegible]
खेडो कराये ॥ वडी माला हार चंद्रका पूंवद
पवडे कीजे ॥ कर्णफूल वेसरि चिबुक तिल
क कंठश्री कटि किंकिनी पहुंची नूपुर इत
नो श्रृंगार रहें ॥ सो श्री स्वामिनी जी के भाव के
हैं भारी आभूषन ॥ और व्रजभक्तनके मनौं

र्थ क्यों है ॥ तातें न रहें ॥ पाछें भारी जल डवसा भोग वै सबके
घर नाहीं ॥ पाछें सेंन भोग आवे ॥ सेंन में सषडी आव
श्यक चाहीये नव नेतो द्वादसी के दिन आवश्यक करीये
दारि मूंग को भात मिरच को साक राजभोग की सो मिश्री मे
ठी होइ तो मेलें ॥ थारी सीधरि साधी ये सो भोग धरी
ये ॥ संधानेकी कटोरी धरीये ॥ जोनकी कटोरी धरीये
एक जलकी कटोरी भारेके धरीये ॥ एक कटोरी दूध धरी
ये एक कटोरी दूध भात न्यौरा धरि राखिये ॥ पाछें दंडो
त करि टेरा दे बाहिर आइये ॥ जब आधो समय होइ चुके तब
दूसरो भोग धरीये ॥ गाढो औटयो दूध तामें चमचा सोनेको
तथा रूपेको तथापी तरिको तथा कांसेको डारीये ॥ एक क
टोरा में दूध भात एक कटोरा में केवल दूध ही ॥ सषडी नव
नेता दूध सेंन में आवश्यक ही धरीये ॥ काहे ते दूध सेंन में हो
इ तो सगरे दिनको सो मिश्री दूधकी नाहीं प्रभुको सुष हो
इ ॥ तातें दूधको सेंन में श्री स्वामिनी जी को अधरामृत है
अत्यंत मीठो गाढो है ॥ यह भाव ना करि भोग धरि दंडो

निमा तप्रार्थनां करिवाहू आईये ॥ आषो समय होइ चुक्यो हो
२६ इलवकारीलें आचमन कराइ मुष वस्त्र करि बीडा आरोगा
इवाराढां हिनी आर धरिये सेनके दरसन सेवा संबंधी
वार करें ॥ आरकोंनांई कराईये ॥ पाछें वागा वडो करि
पाग टोपी सदां रहें सिज्यापर पोढाईये ॥ सेनकी आर्ती
वैसवके घरनांहीं हें ॥ सिज्यापास दोइ झारी धरीयें ॥ दो
इ नवनेता एकता धराए ॥ वीराकी तवकडी धरीयें ॥ से
ज्या भोगको वंटा धरीयें ॥ कटोरी एक संधानेकी धरी
ये कटोरी एक मांषनकी कटोरी एक मिश्रीकी धरीये
आछी भांति ढांकिके धरीयें ॥ पाछें रितु अनुसार
उकों उढाईयें ॥ पाछें सिंहासन वस्त्र उलटिकें ढांकि
धरीयें ॥ श्री स्वांमिनी जी होइ तो श्री ठाकुरजी कुं जा
मजाग पोढाईयें ॥ प्रसिद्धि न होइ तो भावनां करीयें ॥ तां
में दोइ प्रकारको भाव हें ॥ श्री ठाकुरजी श्री यसोदाजी कें
घर पोढत हें ॥ तहां रात्रिकों श्री ठाकुरजी की वें कन्या
री हें तहां कुमारिका रात्रिको सवा मेल स्पुरहें ॥ कवहूं

सषीजन श्री स्वांमिनी जी को श्रृंगार करि श्री ठाकुरजी
पास पधराइ ल्यावत हें ॥ कवहूं श्री ठाकुरजी आपु ल
लिता विसाषाके संग वनमें पधारत हें ॥ कवहूं नंदाल
यतें कुमारिकाके । संग श्री ठाकुरजी वनकों पधारत हें
गत वरसानेतें ललिता आदि सषीके संग श्री स्वांमि
नीजी आवत हें ॥ सो श्री ठाकुरजी दोउ सरूप परस्पर
मिलिकें निकुंज मंदिरमें लीला करत हें ॥ तहां श्री ठाकु
रजी को हृदय कोटिकोटि दर्पनतें अधिक सोभा देत
हें ॥ तनमें श्री स्वांमिनी जी अपनो सरूप देखिकें म
नमें यह जांनत हें जो श्री ठाकुरजी के हृदयमें दोसरी
नाइका विराजमांन हें ॥ यह जांनि मनमें क्रोध करिकें
मांन होत हें ॥ कवहूं श्री चंद्रावली जी के हृदयमें देषि
कें मांन करत हें ॥ कवहूं श्री यमुनाजी कों देषिकें हृद
यमें श्री स्वांमिनी जी मांन करति हें ॥ कवहूं श्री चंद्रा
वलीजी व्रजकी स्वांमिनी जी देषिकें मांन करति हें
॥ तव प्रभु अपने मनमें सवकों भाव जांनि श्री स्वां

स्वामिनी जी को मानमनावतहो ॥ और श्री चंद्रावलीजी
२८ कोहू मानमनावतहे ॥ कबहूं श्री चंद्रावली जी ॥ और श्री
यमुनाजी और कुमारिका और व्रजकी सगरी स्वामि-
नी मिलिके श्री स्वामिनी जी सों दीनता करतहे ॥ जो
हमको अपनो दासत्व देउ हम तुम्हारे समान नांही
हे ॥ तुम्हारी दासी हे ॥ ताते तुम्हारे आगे हमको प्र-
गट है मिले ॥ परंतु तुम्हारी हे ॥ या प्रकार दीनता के
वचन सुनिके श्री स्वामिनी जी कहति हे चतुर चोक
ट कला ॥ तदपि नारी ॥ एसी चतुर सिरोमनि है ॥ तो
कुमारी ताते सगरे व्रजकी स्वामिनी न की देख लाइ
लिके श्री स्वामिनीजी प्रसंन होइके बोलत भई जो
तुम्हारा नाम व्रजरत्ना हे ॥ काहे ते व्रजके रत्न तुम
हीहो ॥ सो यात जो श्री ठाकुरजी में अपनो पतिभाव कि-
यो हे ॥ या समान और उत्तम भाव नांही हे ॥ ताते तुम
उत्तमते उत्तम हो ॥ याते हमारे ते तुम में उत्तम भाव ब-
हुत हो अधिक हे ॥ एकलो सदा पवित्र रहत हो ॥ कोई

गोपको संबंध तुममें नांही हे ॥ पुत्रादिकहूं पतिहूं ॥ प
हुंचाव मेलो क्लिकके दिखाइवेको हे ॥ परंतु तुम सों सं-
बंध नांही हे ॥ और दूसरे निरुपाधिक हो ॥ हमारे विहा-
र के अर्थ सहाइक हो ॥ उपाधि ईर्षा तुम्हारे नांही हे
॥ तीसरे प्रेम विसनात्मक हो ॥ रासादिलीलामें वि-
सेष ह्रदयमें बहुत प्यारी हो ॥ हमारे जुगलसरूप
में एकरस निरंतर प्रिय हे ॥ चौथे केवल दासभाव
हो जो जुगल सरूप में दासभाव करि अति सों टहल कर-
तिहो ॥ ताते हम तुम पर प्रसंन हे ॥ पांचये तन मन सर-
काहो ॥ तन मन धन एक प्रभु के अर्थ हे ॥ तुम सगरी
एक मनकी हो आपुसमें कलह वालो किंचित बुद्धि नां-
हीं हे ॥ सगरी मिलिके रहत हो ॥ एककी एक कबहूं घा-
टी घरी कहत नांही ॥ इत्यादिक तुममें अपारगुन हे ॥ ह-
मारे मेतो एक स्वामिनी भाव प्रसिद्ध रह्यो हे ॥ ताते तु-
म व्रजरत्ना सुषेन होइ श्री ठाकुरजी सों विहार करो ॥ ह-
मको ईर्षा विषाद नांही हे ॥ या प्रकार श्री स्वामिनी जी

जिन्हा के निसकपट शुद्ध वचन सुनिकें प्रजन की सगरी स्वा
२६८ मिनी प्रसंन भई ॥ तहां श्री ठाकुरजी कों सरूप के सौसुं
दर स्यांम घन रूप हैं ॥ तहां श्री स्वांमिनी जी के भाव
तें श्री ठाकुरजी गौर सरूप हैं ॥ जैसो तप्त स्वर्ण ऐसो
झलमलात है ॥ तहां अंग अंग में आछे विकहार
मनिन के आभूषन धरे हैं ॥ मोतिन की माला पहिरें
हैं ॥ जैसे जैसे आभरन हैं ॥ तैसें ही निकुंज भवन मं
दिर हूं प्रगट भए हें ॥ कहूं सोने के कहूं रूपे के कुंज
कहूं हीरान के कुंज ॥ कहूं मोतीन की कुंज ॥ स्यांमी
क कुंज अपार प्रगट भए ॥ तातें श्री स्वांमिनी जी के
सुष अर्थ सगरे अस्थल प्रगट भए हैं ॥ सो निकु
ज चैतन्य वजायमान हें ॥ जहां जहां जुगल सरूप
की इछा होइ तहां आपुहीं पधारें ॥ जहां जहां इछा अ
नुसार तह निकुंज हूं संग चलें श्री स्वांमिनी जी पदि
क पहिरे हैं ॥ तथा चोकी पहिरें हें ॥ सोई निकुंज मंदि
र में अनेक षिरकी जाली प्रगट होत भई श्री स्वांमि

नी जी श्री ठाकुरजी मोतिन की माला तथा मनि की
माला तथा फूलन की माला तथा वनमाला पहिरें हें ॥
सोई निकुंज मंदिर में अनेक प्रकार के द्वार के ऊपर
तोरण तोरण वंदनवार सोभा देत हें ॥ अनेक स्वांमिनी
अंचल किनारी झालरि पुलक सो वयार तें झलमला
त फहरात हें ॥ सोई निकुंज मंदिर में तोरण तोरण धुजा प
ताका सोभायमान हें ॥ श्री स्वांमिनी जी के श्री ठाकुर
जी के उदर पर तीन तली नेर घा हें ॥ सोई निकुंज में नेसें
नी लिनदंड की प्रगट भई है ॥ श्री स्वांमिनी जी की श्री
ठाकुरजी की नाभि सरोवर हें ॥ तातें निकुंज में नाना प्र
कार के कुंड प्रगट भए हें श्री स्वांमिनी जी के श्री ठाकु
रजी के नासिका तें स्वास चलत हें ॥ ताहीतें निकुंज
मंदिर में सीतल मंद सुगंध वायु वहत है ॥ फूलन के
आभूषन जुगल सरूप श्री स्वांमिनी जी श्री ठाकुरजी
पहिरें हें ॥ तिनतें नाना प्रकार के फूलन के निकुंज
प्रगट भए हें ॥ सुक आदि पंछी नासिका तें प्रग

निजा: टनतें हें ॥ हंसादिक पंछी श्री स्वामिनी जी के चरनतें
२७. प्रगट भए हें ॥ सिंह आदि श्री स्वामिनी जी की कटितें
प्रगट भए हें ॥ भवर मीन षंजन मृग आदि श्री स्वामि
नी जी के नेत्रनतें ॥ प्रगट भए ॥ या प्रकार निकुंज में
पशु पंछी सब जुगलसरूप के अंगतें ॥ प्रगट भए हें ॥
तब श्री स्वामिनी जी को प्रागट्य जानि जुगलसरू
प सों कहें ॥ बिना सगरी स्वामिनी निकुंज में जात
भई सो निकुंज मंदिर के मांतिमां लिके दरसन पा
ए ॥ परंतु निकुंज को द्वार काहू को मिल्यो नांही ॥ तब
सगरी स्वामिनी द्वार को देखि के निरास होइ के फि
र आई ॥ जुगलसरूप रतन जटित सिंहासन प
र बिराजे हें ॥ तहां आइ श्री स्वामिनी जी के चरनक
मल कों नमस्कार करी पाछें श्री ठाकुरजी के चरन
कमल कों नमस्कार करत भई ॥ पाछें बिनती करी
जो हम तुम्हारे हें ॥ तुम्हारी आज्ञा बिना निकुंज
की रचना कों देखन गई ॥ सो बहुत प्रकार ढूंढ्यो प

रंतु निकुंज को द्वार पायो नांही ॥ तातें अब सगरी
तुम्हारे सरनि आई हें ॥ तब श्री स्वामिनी जी श्री ठा
कुरजी सों प्रसन्न होइ के कही जो ये तुम्हारी प्यारी हें
तातें मो हूं कों अत्यंत प्रिय हें ॥ सो इनको न्यारो न्या
रो निकुंज दीयो चाहीये तब तुमसों विहार होइ ॥ त
ब श्री ठाकुरजी कहे ॥ ये सगरी प्यारी हें सो तुम्हारे आ
ग्रसों प्रगट भई हें ॥ तातें तुम्हारो संबंध तें हमकों
बहुत प्रिय हें ॥ सो यह बात तुमकों उचित हें जो अ
पनी होइ तिनको ठिकानो दियो चाहीये तब ॥ श्री
स्वामिनी जी श्री ठाकुरजी उठि के परस्पर कंठसों
गलबांही दे ॥ प्रेम में मत्त होइ दोऊन के नेत्र कमल
घूमत मंद मंद गजराज की चाल करिके निकुंज
के द्वार आवत भए ॥ तहां पुलिंदि आदिन को दरस
न दीए ॥ सब उन दरसन करि नेंन अश्रुपात करि तहां
राखे ॥ बनमें गिरिराज के आस पास ॥ सो पुलिंदी
कों श्री ठाकुरजी के अंग अंग की सोभा देखि के सा

निमा: लालमनमथके मन्मथरूपहैं अलौकिक कामदे
२७१ व उत्पन्न होत नयो ॥ तब जुगलसरूपके चरनकमर
नकौं कुंमुकुंमु नेत्रमें दूवमें ठारठार देखिके सार
सरूप कुंमुकुंमुलेके पुलिंदी अपने मुपतें अपने
कुचनसौं लगावत भई ॥ ताकरिके तनकी सगरी ता
प दूरि भई श्रीठाकुरजीके मिलनको सुख होत भ
यो ॥ तहां यह संदेह होइ जो जनीको यह सुख भयो
क्यों भयो ॥ तहां कहत हैं ॥ पनारेको जल गंगाजीमें
जाइ तो गंगाजल होइ ॥ तैसे गिरिराज जो कृष्ण
पुलिंदी हूं भगवदी भई ॥ ताते यामार्गमें भगवदी
यकौ संग निश्चय कर्तव्य है ॥ गिरिराज पुष्टिमा
र्गमें भक्तराज मुख्य है ॥ जिनको कियो सर्व पदा
थ अंगीकार करत हैं तृन फल फूल झरनाको जल
सिलापर बैठत हैं ॥ कंदरामें पोढत हैं ॥ सिज्यारूप
घररूप ॥ जहां जैसो कार्य होइ तहां तैसो रूप धारि
नकरि सेवा करत हैं ॥ ताही मनिमय चित्त द्वारपर जु

गलसरूप नाठे होइ सकल स्वामिनीकौ स्वरूपा
नंदको अनुभव कराइ ॥ पाछें जुगलसरूप सगरी स्वा
मिनी परकृपा करिकें संगलें द्वारके भीतर श्रीवृंदा
वनमें पधारे ॥ तहां अनेक मारग हैं ॥ अनेक निकुंज
हैं अनेक स्थलके अनेक धातुके अनेक कुसमके ॥
अनेक वृक्षके तिनमें जा स्वामिनीजीके अंगमें जा कु
सुमकी सुगंध हुती ॥ ताकों ताही कुंजमें रहनकों आ
ज्ञा दिये ॥ जिनके अंगमें चंपेकी सुगंध हुती तिन
कौ चंपानके फूलनकी निकुंज चंपाको वन तहां सग
रो चंपाको फूलनकी सामा है ॥ तिन स्वामिनीको चंप
कलता नाम हू है ॥ याही प्रकार सगरे कुसमके नाम
स्वामिनीके हैं ॥ तेही कुसमकी सुगंध स्वामिनीके
अंगमें है ॥ तैसे ही कुसमके निकुंजमें वास दियो है
॥ ताही ताही भावकी स्वामिनी हैं ताहीं भावके श्रीठा
कुरजी पधारे हैं ॥ या प्रकार कुसम संबंधी स्वामि

स्विमा॰नी कोटांनको टिहें ॥ तिन सबनको निकुंज बनाएहें ॥
२०२ आगें धातुके निकुंज हें सोहें पीतरि ॥ कांसी फूलम
रत रंग सीसा जस्त इत्यादिकके तांमसी निकुंजहें ॥ प
जनके सातुकी निकुंज हुतें धातुके तांमसी निकुंज
में तांमसी स्वांमिनी कोटांनको टिहें ॥ तिनको जेसो
भाव जिनको जेसोई निकुंज दीयाहें ॥ तहां ता स्वांमि
नी के भावके श्री ठाकुरजी पधराइ तिनके मनोरथ
पूरणं कीयेहें ॥ याप्रकार धातुके संबंधी स्वांमिनी
नके मनोर्थ पूरणं कीएहें ॥ पाछें राजसी निकुंज
मनि मुक्ता कांच आदिकके अपारहें ॥ तहां राजसी
भक्त कोटांनको टिहें ॥ तिनकों तिहांते स्वांमि वरा
स निकुंजके मुखिया किएहें तहां लेसोंवन [illegible]
[illegible] लहांतेसें भावके ॥ श्री ठाकुरजी पधराएहें ॥ या
प्रकार सगरे भक्त राजसी तांमसी सातुकी भक्तनकों
राखिके ॥ पाछें श्री चंद्रावलीजी श्री यमुनाजी श्रीकुं
मारिकाजी यतीनो जूथपतिकों संग लें श्री स्वांमिनी

जी श्री ठाकुरजी सहित नीतरप धारत जए ॥ तहां प्रथ
म श्री यमुनाजी को निकुंज दीनें ॥ काहेतें चारो जूथप
तिनके निकुंजमें श्री यमुनाजी की कृपा होइ तब जाइ ॥ त
हां श्री स्वांमिनीजी के भावके श्री ठाकुरजी पधराएहें ॥
ऊपर राजसी तांमसी सातुकीके निकुंज कहे ॥ अब ये
चारो जूथपतिके निकुंज निर्गुणहें चारो जूथपति
स्वांमिनी निर्गुणहें ॥ तातें इन चारोनके निकुंजमें
इनको अधिकी भावहे ॥ जो जब इछा कुसमकी होइ
तब कुसमके निकुंज होइ ॥ जब इछा धातुकी होइ त
ब सोनें रूपेकें सीसा पीतरि इत्यादिकके निकुंज होइ
॥ जब इछा मनिमोतिनकी होइ ॥ तब मांनिक हीरा म
निमोती आदि काचादिककी भांति भांतिकी रचना हो
इ ॥ सो और स्वांमिनीनकी निकुंजमें न होइ ॥ याप्रका
र श्री यमुनाजीके निकुंजके आगें अगन कुंमा
रिकाके निकुंज दिए तहां कुंमारिकाके भावके श्री
ठाकुरजी पधराएहें ॥ तिनके आगें श्री स्वांमिनीजी

निभा-नें प्रसंन होइ अपनें हार पर श्री चंद्रावली जी कों नि
२७३ कुंज दीयो ॥ तहां श्री चंद्रावली जी के भाव के श्री ठाकु
रजी पधारे ॥ और अति रूपा स्वांमिनी को टांनको
टि हें ॥ तिनको निकुंज राजसी तांमसी सात्वकी के नि
कुंज में सब आई गई अकेली श्री चंद्रावली जी के भा
व को निकुंज नीत रहे ॥ तेसेई सोरह हजार अग्नि
कुमारिका हें ॥ तिनको निकुंज राजसी तांमसी सात्
वकी के निकुंज में रहें ॥ अकेले राधा सहचरी तिनकी
निकुंज नीत रहे तेसेई श्री यमुनाजी के अनेक सरूप
हें ॥ तिनके निकुंज राजसी तांमसी सात्वकी तिनमें हे
॥ निजरूप श्री यमुनाजी को है तिनको भी निकुंज नीत
है ॥ तहां यह आसंका होइ जो नीतर श्री चंद्रावली जी
श्री यमुनाजी कुमारिका के न्यारे न्यारे निकुंज हें तहां
अकेली रहत होइगी यह आसंका होइ ॥ तहां कहि
त हें ॥ तहां श्री चंद्रावली जी के भाव की श्री चंद्रावली
जी के भाव सुभाव आज्ञा अनुसार कोटांनको

टि सखी हें ॥ सो सगरी स्वांमिनी जी नि सखन सेवा करत
हें ॥ एसेई कुमारिका के भाव सुभाव अनुसार अनेक
दासी हें अनेक सखी हें ॥ सो अपनी स्वांमिनी जी नि
कुमारिका की सेवा करत हें ॥ एसेई श्री यमुनाजी के
भाव सुभाव आज्ञा अनुसार की अनेक दासी हें ॥ सो
श्री यमुनाजी को अपनी स्वांमिनी जांनि सेवा करत
हें ॥ या प्रकार तिनो जूथपति स्वांमिनीनको निकु
ज की हें ॥ पाछें मुख्य श्री स्वांमिनी जी और श्री गो
वर्द्धनधर आगें पधारे ॥ तहां अनिर्वचनीय निकुं
ज हें ॥ जहां पुरषोत्तम भावनां ही हें ॥ पशु पंछी सग
रे स्त्री रूप हें ॥ तहां को निकुंज मन वांनी को अगोचर
रहें ॥ कह्यो नहीं जाइ ॥ तहां अपुने अंग तें आपुने
भाव सुभाव के अनुसार तें सखी प्रगट की एहें ॥ ति
नहूं को नाम ललिता विसाखा आदि हें ॥ जगत में
प्रसिद्ध ललिता विसाखा हें ॥ सो गोपन की बेटी
हें ॥ तिनको निकुंज राजसी तांमसी सात्वकी आदि

लिमा· मेंहें ॥ तहांएकनिकुंजवृषभांनसुताजोराधाहें ॥ ति
२०४ नहूंकोराजसीतांमसीसात्वकीमेंनिकुंजहें ॥ जिन
कोंसगरोजगतभजनकरतहें अवभीतरसबके
जोस्वांमिनीहें ॥ औरश्रीगोवर्द्धनधरकहेहें ॥ सोस
रूपमनवांनीकोंअगोचरहें अनिर्वचनीयहें ॥ त
हांश्रीस्वांमिनीजीअपनेंअंगतेंकोटांनकोटिस
षीप्रगटकीएहें ॥ तिनकोंनांमललिताविसाषाआ
दिहें ॥ विहारमेंअत्यंतचतुरललिततथारूपहें ॥ ता
तेंनांमललिताहेहें सषीजाकीरीतिविपरीतमें
आसनमेंपरमचतुरहें ॥ तातेंविसाषायहनामस
हेहें ॥ यहभीतरकोंसरूपजवसारस्वतकल्पआवें
तवपूर्णश्रीगोवर्द्धनधरपूर्णश्रीनंदरायजीकेघ
रप्रगटहोइ ॥ ताहीसमयभीतरकेंनिकुंजकोस्वांमि
नीपूर्णसोपूर्णश्रीवृषभांनजीकेघरप्रगटहोइ
॥ ताहीसमयसगरीलीलापूर्णपुरुषोत्तमकीभी
तरकेंनिकुंजकीप्रगटहोइतवपूर्णश्रीचंद्रावली

जीपूर्णश्रीयमुनाजीपूर्णकुंमारिकापूर्णललिता
विसाषाआदिसषीसगरीबाहिरकेंनिकुंजकीश्रीय
मुनाजीतहांकीश्रीचंद्रावलीजीअतिरूपातेसेंईबा
हरकेंनीकुंजकीअग्निकुंमारिकाजोसगरेनिगज
गतमेंगावतहें ॥ प्रसिद्धिनांमहें ॥ इनकीप्रमांणसहि
तालीलाजवजवद्वारपरहोइ ॥ तवतवप्रगटहोइ
॥ पृथ्वीकेअंसकलारूपलीलाकरतहें ॥ सारस्वतक
ल्पमेंपूर्णपुरुषोत्तमकीअप्रमानलीलाअसंक
ल्पकेअवतारमेंलीलाहें ॥ तहांब्रंह्मादिकशिवा
दिकइंद्रादिकफूलवर्षावतहें लीलाकोंदरस
नकरतहें ॥ पूर्णपुरुषोत्तमकीलीलामेंइंद्रादिक
ब्रंह्मादिकशिवादिककोंज्ञांनहोइनांहीं ॥ उनहूंकी
मनवांनीकोंअगोचरहें ॥ तहांपूर्णपुरुषोत्तमकें
अंगतेंरसरूपआधिदैविकहें ॥ ब्रंह्मादिकशिवा
दिकइंद्रादिकप्रगटहोइप्रभुकीअस्तुतिकरि
अनेकफूलनकीवर्षाकरतहें ॥ तिनकीली

लिला॥ जा मनवानीमें आवेनाहीं ॥ तातें अंसकलाके अ
२७५ वतारकी लीला तिनहीकी पूर्ण जानिके भावस
हित भजन स्मरन करे तो पूर्ण पुरुषोत्तमकी लीला
की प्राप्ति होइ जैसें श्री यमुनाजी विराजत हैं गिरिराज
विराजत हैं ॥ इनहीमें सारस्वत कल्पके ॥ पूर्ण पुरुषोत्तम
कै भाव करि इनकों पूर्ण जानि स्मरण कर सेवा करें तो इ
नहीकी कृपातें इनहीं पूर्ण पुरुषोत्तमकी लीलाजो प्रा
होइ ॥ ऐसेंही व्रजनाम कुमारी नंदनंदनको भजन स्म
र्ण सेवा सारस्वत कल्पके पूर्ण जानि करें ॥ तो पूर्ण पुरुषो
त्तमकी लीलामें प्राप्त होइ ॥ या प्रकार श्री आचार्यजी महा
प्रभुजीको निकुंज श्री गुसांईजीको निकुंज सगरे निकुंज
में जातरहे ॥ तातें श्री आचार्यजीने प्रभुदासकों कह्यो है वृ
धेवृधे वेनुधारी पत्रे पत्रे चतुर्भुजः अपार निकुंज है
तहां अपार श्री ठाकुरजी हैं ॥ तहां अपार भक्त हैं ॥ ठारठौर
अपार लीला है ॥ एक वन निकुंज है ॥ तातें बन निकुंजको
पार नाहीं है ॥ ताहीतें वृंदावन है ॥ तामें वृंदा जो अपार

बन कुंज है ॥ तहां सगरे निकुंजमें प्रभु न्यारे न्यारे भक्तन
के संग दान लीला विहार लीला रासलीला [illegible]
बाललीला आदी सबही करत हैं ॥ या प्रकार सगरी व्रजकी
लीलाको पार नाहीं है ॥ गिरिराजमें आठही द्वार हैं ॥ तहां अ
ष्टसखा अष्टसखी दोउ एकही रूप जो जाके सहाइ कहे
अष्ट प्रहर रहत हैं ॥ तातें आप आप पुष्टिमार्गमें भगवदी
य मुख्य भए ॥ सो सगरी लीला सारस्वत कल्पके पुर्ण पुरुषो
त्तमकी अनुभव करिके गान कियो है ॥ चारो जूथपति
मुख्य श्री स्वामिनीजी श्री यमुनाजी श्री चंद्रावलीजी श्री
राधा सहचरी इनको भाव लीला बुद्धि अनुसार वर्णन
करे हैं अब श्रुतिरूपा कुमारिकामें साधनतें सिद्ध भ
ई सो वार्ता कहत हैं काहे ॥ ते तितर होइ सब चुगें तातें तें तीय
साधा भई ॥ एकसमय वेदमें श्रुति दोइ प्रकारकी हैं ॥ एक
पुष्टि श्रुति एक मर्यादा श्रुति ॥ तिन दोउ श्रुतिनमें आप
समें वाद भयो पुष्टि श्रुति कहें अक्षर ब्रह्मके भीतर वधू
मारी पदारथ हैं ॥ तब मर्यादा श्रुतिनें कही सबतें पर अ

अक्षरब्रह्म है॥ ताके आगे तिनतें हमको ग्यान नांहीं है
॥ तातें और कछू न होइगो॥ या प्रकार दोइ श्रुति आप
स में वाद करिके तितरको रूप धरि ठाडी भई सो अने
क काल लौं रही॥ परंतु कछू देख्यो नांही॥ तब मर्यादा
श्रुति को अधिकार जो जामें नांही॥ तातें हारि मानिकें
पाछें फिरि आई और पुष्टि श्रुति ठाडी रही॥ तब आ
काशवानी द्वारा पूर्ण पुरुषोत्तम बोलत भए जो तुम इत
नों श्रम करि क्यों ठाडी रही हो तब पुष्टि श्रुतिनें कही महा
राज हम अक्षरब्रह्म के भीतर जो पदारथ है॥ तिनको
दरसन चाहत हैं॥ तब दयाकरि पूर्ण पुरुषोत्तमनें अ
पनो दर्सन दीयो और कहे यह व्यापि वैकुंठ है॥ तहां
विरजा नदि पर बैठो तुम॥ इहां हमारी लीला को दरस
न होइगो॥ तब पुष्टि श्रुति हुती सो विरजा नदी श्री यमु
ना जी है॥ तिनके किनारे बैठत भई॥ इतने में व्रजभ
क्त घरघरतें शृंगार करि कोउ सोने की गागर कोउ
जडाउ गागरी लें जल भरन के मिस विरजा नदी पर आ

ई॥ सो वडी भीर भई॥ ता समय श्री ठाकुरजी आए सो का
हूकी गागर फोरि काहू की डुरी नदी में डारि दीनी
॥ काहू कों आलिंगन दीनो॥ या प्रकार अनेक लीला
करी॥ पाछें व्रजभक्तन को अंतरध्यान करि आपके
जैं श्री ठाकुरजी पुष्टि श्रुति के निकट आवत भए॥
आइकें कहे॥ तुमनें मेरे भक्तन की लीला देखी मेरे
घर देखे॥ या समान और कछू नांही है॥ तातें में तुम
पर प्रसन्न हो॥ कछू वर मांगो॥ यह श्री ठाकुरजी के व
चन सुनिकें पुष्टि श्रुति रोमरोम प्रफुल्लित होत
भई तब बोलति भई जो हे॥ महाराज हम तुम्हारे भक्त
नके संग जो जादि सके हमको कामिनी भाव होत भयो
॥ तातें हे प्रभु हम पर प्रसंन हो तो यह वर हमको दी
जें॥ जैसें व्रजभक्तन के संग लीला विस्तार उनको
